RAF SECTOR

NEWS CLIP

13/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Nav Bharat (Raipur,CG)



नवभारत फोटो

23 फिक्स पॉइंट के साथ कई जगहों पर आकस्मिक जांच

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने जिला प्रशासन की टीम जुटी

■ नवभारत रिपोर्टर रायपुर.

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए रायपुर जिले में तैनात की गई स्थाई निगरानी टीम के साथ-साथ जिला प्रशासन की अलग-अलग टीम कई जगहों पर आकस्मिक जांच कर रही है. शहर में कई जगहों पर निगरानी दल काम में जुटा है. विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन ने 23 जगहों को चिन्हांकित करके स्थाई निगरानी टीम तैनात की है. चुनाव प्रचार से जुड़ी हुई सामग्री की अवैध ट्रांसपोर्टिंग को रोकने का काम निगरानी दल कर

शहर की एंट्री के हर बॉर्डर पर टीम

रायपुर जिले में आने वाली बलौदाबाजार विधानसभा की तिल्दा तहसील के

रायपुर ग्रामीण विस क्षेत्र में सबसे ज्यादा पॉइंट

रायपुर ग्रामीण विधानसभा में 6 जगहों पर स्थाई निगरानी दल तैनात किया गया है. रायपुर ग्रामीण का क्षेत्र सबसे ज्यादा फैला हुआ है. यहां सबसे ज्यादा पॉइंट बनाए गए है. यहां खमतराई के रावाभाठा बंजारी चौक, फुंडहर, बोरियाखुर्द बेरियर पॉइंट, कचना पुल, लालपुर फ्रूट मार्केट और पठारीडीह घाट में चेकिंग पॉइंट लगाया गया है.

Prabhat Khabar (Ghatsila,JKD.)

सुंदरनगर: एसआर रूंगटा प्रशिक्षण गृह में लगा शिविर

शिविर में 67 लोगों ने किया रक्तदान

प्रतिनिधि ▷ नरवा

सुंदरनगर के एसआर रूंगटा प्रशिक्षण गृह में महिला समिति एवं द्रुत कार्य बल 106 द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में रैफ 106 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रैफ के जवानों ने रक्तदान किया. वहीं महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ निर्मला शुक्ला एवं सचिव अंजली बोस की अगुवाई में सुंदरनगर के लोगों ने भी रक्तदान किया. शिविर में कुल 67 रक्त दाताओं ने रक्तदान देकर भविष्य में जरूरतमंदों के लिए सराहनीय कदम उठाया. कमांडेंट श्री पीके सिंह ने लोगों से कहा कि रक्त दान के लिए हमेशा आगे आये, जिससे भविष्य में किसी की जान बचायी जा सके. डॉ निर्मला शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं होती है. दुर्घटना होने पर जीवन बचाने के लिये दान में दिये गये रक्त ही उपयोग में आते हैं. रक्त किसी कारखाने में नहीं बनाया जाता. यह ईश्वर की देन है. प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेवारी है कि वे कम से कम छह महीने में एक बार अवश्य रक्त दान करें. मौके पर अंजली बोस, रैफ के उप कमांडेंट संतोष सिंह मुंडा सहित अन्य मौजूद थे.

हल्दीपोखर में 35 यूनिट रक्त संग्रहित

पोटका. पान-तांती, बुनकर विकास समिति, पोटका-प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में हल्दीपोखर स्थित पंचायत भवन में जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं वीबीडीए झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस आयोजन में बतौर अतिथि जिप सदस्य संजीव सरदार, चंद्रावती महतो, झामुमो नेता सुनील महतो, पान तांती कल्याण समिति ओडिशा के महासचिव कैलाश चन्द्र तांती, डॉ एम कुमार आदि उपस्थित थे. यहां कुल 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया. समिति के सचिव राज वल्लभ तांती ने सभी अतिथि, रक्तदाताओं एवं चिकित्सकों को धन्यवाद दिया.

Dainik Jagran (Patna,Bihar)

विधि व्यवस्था के लिए तैनात रैप जवानों ने किया मार्च • जागरण

नासरीगंज घाट से गायघाट तक डीएम ने किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, पटना : जिलाधिकारी कुमार रवि ने सोमवार को नासरीगंज घाट से गायघाट तक सभी घाटों का निरीक्षण किया। कमियों को दो घंटे के अंदर दूर करने का निर्देश दिया। कहा कि गायघाट पर किसी गाड़ी की पार्किंग की इजाजत नहीं दी जाएगी। अशोक राजपथ से दक्षिण की ओर बीएनआर ट्रेनिंग कॉलेज में बने पार्किंग स्थल पर ही गाड़ियां खड़ी कराई जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी घाट पर ठेला या खोमचा वाला नहीं रहेगा। किसी भी घाट की सजावट ऐसी नहीं रहे, जिससे कि एप्रोच पथ में बाधा पहुंचे। जिलाधिकारी ने पाया कि छठ घाटों के पहुंच पथ में पानी का छिड़काव कर मिट्टी को समतल कर दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पाया कि अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा आवश्यक सामग्रियों के साथ नदी गश्ती दल की प्रतिनियुक्ति

मुस्तैद मिले दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सेक्टर दंडाधिकारियों को दिया निर्देश, श्रद्धालुओं को नहीं हो कठिनाई

कर दी गई है तथा सभी अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर मुस्तैद हैं। सभी घाटों पर वाच टावर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम कार्यरत है।

निगम व बुडको ने की घाटों पर व्यवस्था : नगर निगम एवं बुडको द्वारा सभी छठ घाटों पर रोशनी की व्यवस्था की गई है। साथ ही खतरनाक घाटों को बांस-बल्ले से घेर लाल कपड़े से चिन्हित कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट घाट को विभिन्न रंगों से सजाया गया है। प्रत्येक घाट की कलर कोडिंग की गई है। उपयोगी घाटों को उजला और पीला कपड़ों से सजाया गया है, खतरनाक घाटों को लाल कपड़े से घेरा गया है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।